भीमराज भाटी व कांग्रेसजनों ने एलएनटी ऑफिस पर ताला जड़ा

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर की ज्वलंत जन समस्या सीवरेज लाइन ओवरफ्लो एवं जलापूर्ति के दौरान सीवर का मिक्स दूषित व बदबूदार गंदा पानी की जलापूर्ति की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर पाली में कांग्रेसजनों ने विधायक भीमराज भाटी एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष हकीम भाई के नेतृत्व में एलएंडटी व आरयूआईडीपी के कार्यालय पर तालाबन्दी कर कार्यालय परिसर पर धरना प्रदर्शन किया।। सीवरेज लाइन व दूषित पानी की जलापूर्ति के समाधान का अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया।

धरना लगभग तीन घण्टे तक चला ततपश्चात नगर निगम कार्यालय में भी आयुक्त के कमरे के बाहर धरना दिया गया। फिर निगम आयुक्त के ऑफिस पर लगाया ताला, दिया धरना, सीवरेज की समस्या समाधान की मांग को लेकर सभी रैली के रूप में नगर निगम पाली के ऑफिस गए। यहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की। उसके बाद निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज के ऑफिस के गेट पर ताला लगाकर उसके आगे ही धरने पर बैठे गए। मौके पर पहुंचे निगम के अधिकारियों ने समझाइश की लेकिन वे सीवरेज की समस्या समाधान को लेकर लिखित में आश्वासन मांगने लगे। आखिरकार अधिकारियों लिखित में दिया कि वे एक सप्ताह में सीवरेज समस्या का समाधान करवा देंगे। तब जाकर दोपहर करीब 02 बजे धरना समाप्त किया। उसके बाद जिला कलेक्टर एलएन मंत्री को समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पाली शहर में डाली गई सीवरेज लाइन में व्याप्त गंभीर तकनीकी खामियों के कारण शहर के अधिकांश क्षेत्रों में सीवरेज चेंबर निरंतर ओवरफ्लो हो रहे हैं। कई स्थानों पर सीवरेज लाइन के चेंबरों में अवरोध उत्पन्न होने से सीवर का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे चारों ओर गंदगी व्याप्त है एवं आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गत लगभग चार माह से सीवरेज संबंधी समस्याएं अत्यधिक बढ़ गई हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सीवर ओवरफ्लो की स्थिति बनी हुई है।



पाली में कांग्रेसजनों ने विधायक भीमराज भाटी एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष हकीम भाई के नेतृत्व में एलएंडटी व आरयूआईडीपी के कार्यालय पर तालाबन्दी कर कार्यालय परिसर पर धरना प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

वंही पाली शहर में जलापूर्ति के दौरान सीवर लाइन का दूषित पानी की मिलावट की गंभीर शिकायतें भी प्राप्त हो रही हैं, जो आमजन के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो सकती हैं। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी सीवरेज समस्या का त्वरित एवं स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। एलएंडटी एवं आरयूआईडीपी द्वारा भी इन समस्याओं का प्रभावी एवं स्थायी निराकरण नहीं किया जा रहा है, जिससे नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। ज्ञापन में बताया कि पाली शहर के बजरंग वाड़ी, टैगोर नगर, मरुधर नगर, गायत्री नगर, वार्ड संख्या 36 व 38, व 23 नम्बर सहित नवलखा रोड, प्यारा चौक, रांगनिया मोहल्ला, सिपाहियों के बास, चारणिया का बास, गुरलाई मार्ग, शेखों की ढाणी, केशव नगर, रामदेव रोड, नया गांव, महाराणा प्रताप नगर, सुभाष नगर, इंद्रा कॉलोनी, बाबा रामदेव कॉलोनी, आशापुरा नगर, बापू नगर , मानपुरा भाखरी सहित पाली शहर के अधिकांश प्रभावित क्षेत्रों में सीवरेज लाइन की समस्या है। इसके प्रभावी एवं स्थायी समाधान करवाने की मांग की गई। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हाजी मेहबूब भाई टी, प्रकाश सांखला, मदनसिंह जागरवाल, भागीरथ सिंह राजपुरोहित, ताराचन्द चन्दनानी, रमेश चावला, मोनू मेघवाल, तालिब अली चूडीघर, गोविन्द बंजारा, निर्मल तेजी, एम. एम. बोड़ा, दिनेश दवे, इंसाफ मोयल, अशोक कुलदीप, प्रकाश चौहान, आमीन अली रंगरेज,शमीम खत्री, शकील अहमद नागोरी, असगर कुरैशी, ताराचन्द टांक, रामचंद्र बुनकर , कृष्णा सांसी, रतन चंदेल, जिशान अली रंगरेज, रिजवान चढवा, विरेंद्र भाटी, प्रमोद बोराणा, दिनेश पंवार, मुकेश देवासी, सत्तार भाई, जावेद गोरी, वजीर खान, खाजू भाई घोसी, मकसुद चुड़ीघर, तारीख चुड़ीघर सलीम भाई राज, हसन भाटी इकबाल भाई शेख अरबाज खान, हसन भाटी फिरोज मीर, लियाकत अली, त्रिलोक चारणीया, जमना चारणीया सहित कई कांग्रेस जन मौजूद थे।

राइका बाग ओवरब्रिज पर बस के ब्रेक फेल

जोधपुर, (कासं)। सोमवार को पावटा आरओबी पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यह घटना राइका बाग ओवरब्रिज पर हुई जहां अचानक एक बस के ब्रेक फेल हो गए।

जानकारी के अनुसार एक निजी बस तेज रफ्तार में थी और अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया। ब्रेक काम न करने पर कुछ पलों के लिए पुल पर अफरा-तफरी मच गई। सामने से आ रहे वाहनों और आसपास मौजूद लोगों को देख चालक ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए एक बड़ा फैसला लिया। उसने बस को पुलिए के एंड पर लगे होर्डिंग बोर्ड की दिशा में मोड़ दिया। बस जैसे ही होर्डिंग बोर्ड के पोल से टकराई, उसकी रफ्तार थम गई और वह वहीं रुक गई। इस टक्कर से बस को नुकसान पहुंचा, लेकिन इसी सूझबूझ भरे कदम ने एक बड़े जानलेवा हादसे को टाल दिया। यदि बस पुल से नीचे उतर जाती या भीड़ की ओर बढ़ती, तो भारी जान-माल का नुकसान हो सकता था। घटना स्थल केएन कॉलेज पुलिया के पास है, जहां से रोजाना बड़ी संख्या में कॉलेज छात्राएं और आम नागरिक गुजरते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कुछ सेकंड की देरी भी गंभीर परिणाम ला सकती थी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। यात्रियों में दहशत का माहौल रहा, राहत रही कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली।

नर्सिंगकर्मियों ने मांगें बताई

जालोर में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने मांगों को लेकर चिकित्सा मंत्री के नाम एडीएम राजेश मेवाड़ा को ज्ञापन सौंपा। फोटो राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जालोर द्वारा नर्सेज की लंबित मांगो को लेकर सोमवार को राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शहजाद खान के नेतृत्व मे प्रतिनिधि मंडल ने चिकित्सा मंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेश मेवाड़ा को ज्ञापन सौपा।

जिलाध्यक्ष खान ने बताया कि नर्सेज सवर्ग के विभिन्न पदोन्नत पदों पर लंबे समय से पदोन्नति नहीं होने से पद रिक्त पडे है । उनकी जल्दी पदोन्नतिकर पदों को भरा जावे, संगठन द्वारा मांग की गई की वर्ष में दो बार डी पी सी आयोजित कर समय पर पदोन्नति दी जाए।

सरकार की बजट घोषणा के अनुसार नर्सेज के स्थायी पद मेरिट व बोनस के आधार पर भर्ती किये जाए और रिक्त पदों की संख्या बढाई जावे और नई भर्ती मेरिट व बोनस के आधार पर की जावे। जिससे यूटीबी एवं निविदा पर कई वर्षो से कार्यरत अनुभवी नर्सेज का आम जनता को फायदा मिल सके। विभिन्न चिकित्सालय में नर्सेज के जो स्वीकृत पद है। वह बहुत पुराने समय से है।

वर्तमान में कई नए विभाग खोले गए एवं अस्पतालों पर कार्य भार भी बढ गया। इसलिए कार्यभार के अनुरूप नर्सेज के नव पद स्वीकृत किये जाए तथा सरकार से मांग की गई की नर्सेज की लंबित मांगों का जल्द से जल्द निस्तारण कर नर्सेज को राहत पहुंचावे।

इस अवसर पर संगठन के संरक्षक गोविंद सिंह मंडलावत, उपाध्यक्ष छगनलाल गर्ग, कैलाशदान चारण, ईश्वर लाल नागर, चम्पालाल परिहार,रमेश कुमार चितारा आदि मौजूद थे।

अवैध निर्माण ध्वस्त किए

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर निरन्तर कार्यवाही की गई।

राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के निर्देशों की पालना में सोमवार, 19 जनवरी को प्राधिकरण की अतिक्रमण निरोधक टीम, एनएचएआई एवं खनिज विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से राजस्व ग्राम चौपासनी जागीर, ग्राम नारवा, गेंवा एवं केरू के ख.सं. 57 मंमे अवैध रूप संचालित धर्मकांटे पर कार्यवाही की गयी।

मुख्य नियंत्रक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनिता एवं उपायुक्त जोन-04 अदिति पुरोहित के निर्देशन में टीम द्वारा ग्राम चौपासनी जागीर के ख.सं. 57 में प्राधिकरण की भूमि, कृषि भूमि पर बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये व प्राधिकरण की बिना सक्षम स्वीकृति के संचालित सूर्य रॉयल्टी नाका का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संचालक द्वारा उक्त धर्मकांटे को बंद बताया गया, साथ ही मौके पर किसी प्रकार का कार्य प्रगतिरत नही पाया गया। संयुक्त टीम द्वारा एक्सेस परमिशन रोकने की कार्यवाही की गई, जिस पर टीम की मौजूदगी एवं निगरानी में संचालक स्वयं द्वारा वे ब्रिज मशीन को हाइड्रा मशीनरी की सहायता से हटाया गया। इसी प्रकार ग्राम नारवा के ख.सं. 213 कृषि भूमि पर अवैध रूप से संचालित धर्मकांटे को बंद करवाया जाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। उपायुक्त जोन-05 वीरेन्द्र सिंह भाटी एवं तहसीलदार जोन-05 सुनिता चारण के निर्देशन में प्राधिकरण टीम मय स्थानीय पुलिस जाब्ता द्वारा ग्राम ग्राम केरू के ख.सं. 1174 एवं ग्राम गेंवा के ख.सं. 867/1 का मौका निरीक्षण करते हुए कृषि भूमि पर बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये व प्राधिकरण की बिना सक्षम स्वीकृति के अवैध रूप से संचालित धर्मकांटों को भी करवाया जाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, जोगेन्द्र सिंह चैधरी, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, योगेश गहलोत, पटवारी दुर्गा महला, महेश शेखावत मय जेडीए दस्ते, सूरसागर एवं राजीव गांधी नगर पुलिस थाना मय पुलिस लाईन जाब्ता ने की।

महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर चढ़ाए श्रद्धासुमन

पाली, (नि.सं.)। हिंदुआ सूरज वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि 19 जनवरी को श्रद्धापूर्वक मनाई।

महाराणा प्रताप जन्मस्थली विकास समिति के अध्यक्ष एडवोकेट शैतानसिंह सोनिगरा, संयोजक उगमराज सांड ने बताया कि माता जयवंता देवी के बेटे और पाली के दोहिते महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि उनके जन्मस्थल जूनी कचहरी धानमंडी स्थित पाली गढ़ में प्रातः 10:30 बजे श्रद्धापूर्वक मनाई। समिति सचिव चंपालाल सिसोदिया, सह सचिव रितेश छाजेड़ ने विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, उगम राज साड, तरुणसिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

रामदेवरा स्पेशल ट्रेन आज से

जोधपुर, (कासं)। यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर-रामदेवरा-भगत की कोठी स्टेशनों के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। ट्रेन मंगलवार से कुल 9 ट्रिप के लिए संचालित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के अनुसार ट्रेन संख्या 04867,भगत की कोठी-रामदेवरा स्पेशल 20 से 28 जनवरी तक (9 ट्रिप) संचालित होगी। ट्रेन जोधपुर से प्रातः 9.30 बजे प्रस्थान करेगी।

नेहड़ाई से एटीएम चोरी की वारदात का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर अभिषेक शिवहरे के निकटतम निर्देशन में, एसबीआई बैंक शाखा नेहड़ाई से एटीएम चोरी की वारदात का खुलासा कर मुल्जिम को किया गिरफ्तार, चोरी किए गए डेढ़ लाख रूपये बरामद, विस्तृत अनुसंधान जारी

प्रार्थी प्रणव वर्मा हाल सहायक प्रबंधक एसबीआई बैंक शाखा नेहड़ाई ने रिपोर्ट पेश की कि 8नवम्बर 25 की रात्री में अज्ञात चोरों ने एसबीआई बैंक शाखा नेहड़ाई में लगे एटीएम से चोरी कर एटीएम उखाड़ के ले गये। घटनास्थल पर पहुंच कर देखा तो एटीएम मशीन नहीं थी हमने बैंक का सीसीटीवी कैमरा देखा तो रात में कुछ अज्ञात लोग एटीएम के साथ तोड़फोड़ करते नजर आए और तीन सीसीटीवी तोड़कर इस घटना को अंजाम दिया। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

प्रवीण कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण के निर्देशन में गजेन्द्रसिंह चम्पावत वृताधिकारी के सुपरविजन में राजेश कुमार थानाधिकारी भुटाराम , नाथुसिंह , महादेव गोदारा , भीमराव सिंह को प्रकरण का खुलासा कर मुल्जिमान की अविलम्ब दस्तयाबी करने के दिशा निर्देश दिए गए। विभिन्न पुलिस टीमों का गठन कर टीमों द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर आसूचना संकलन की गई। एफएसएल टीम द्वारा मौका मुआयना किया गया। राजेश कुमार निपु के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर टीम द्वारा मुल्जिमान की सरगर्मी से तलाश कर आसूचना संकलन कर प्रकरण का खुलासा कर मुल्जिम विक्रम गुर्जर को बाद पूछताछ गिरफतार किया गया। मुल्जिम को न्यायालय में पेश कर पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया गया। मुल्जिम के कब्जा से प्रकरण में चोरी किए गए 1लाख 50हजार रूपये बरामद किए गए। मुल्जिम आले दर्जे का शातिर बदमाश हैं जिसके विरूद्ध 08 प्रकरण दर्ज होकर जैर ट्रायल कोर्ट हैं। प्रकरण में मुल्जिम से विस्तृत पूछताछ व अनुसंधान जारी हैं।

अवैध हथियार मामले में दो और पकड़े

जोधपुर, (कासं) । कमिश्नरेट की जिला पश्चिम डीएसटी ने कुड़ी स्थित सेक्टर 8 में गत शुक्रवार रात एक युवक से एक पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस जब्त किया था।

उससे पूछताछ के बाद पुलिस लाइन में पदस्थापित एक कांस्टेबल सहित दो और युवकों को भी हिरासत में लिया गया। पिस्तौल सप्लाई में कांस्टेबल की भी संदिग्ध भूमिका आई है। पुलिस ने दो कांस्टेबल रामप्रकाश और भोमसिंह को गिरफ्तार कर लिया था। अवैध हथियार प्रकरण में तीन लोग पहले गिरफ्तार किए गए। अब पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी डांगियावास में होटल का संचालन करता है।

पुलिस ने स्मैक सहित दो युवक पकड़े

भीनमाल, (निसं)। जसवंतपुरा रेलवे फाटक के पास रविवार को नाकाबंदी के दौरान स्थानीय पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 7.07 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एएसपी मोटाराम गोदारा के निर्देशन में जिले भर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डीवाईएसपी शंकरलाल मसूरिया के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी राजेंद्र सिंह राजपुरोहित ने मय जाब्ता के रेलवे फाटक जसवंतपुरा मार्ग पर दबिश देकर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से सात दशमलव जीरो सात ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने इस दौरान मादक पदार्थ स्मैक के परिवहन में उपयोग हो रहे मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। आरोपियों की पहचान मानाराम पुत्र अंबाराम जाति सुथार उम्र पच्चीस वर्ष निवासी नोहरा एवं रणछोड़ाराम पुत्र वसना राम जाति सुथार उम्र पच्चीस वर्ष निवासी भागलभीम के रूप में हुई है। मोटर साइकिल सवार उक्त दोनों व्यक्तियों की नियमानुसार तलाशी लेने पर उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुई जिसका वजन 7.07 ग्राम था। स्मैक के परिवहन में बाइक हीरो होंडा स्पेलेंडर प्लस आरजे 46 एसडी 8440 को भी जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण संख्या 27/18 जनवरी 2026 धारा 8/21, 25 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया। अग्रिम अनुसंधान थानाधिकारी रामसीन करेंगे। टीम में कांस्टेबल भैराराम, रामलाल, भजनलाल, अशोक कुमार, तपेन्द्र सिंह व रमेश कुमार शामिल रहे।

जोधपुर में स्वच्छता के कार्य जारी

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम जोधपुर द्वारा के.के. गुप्ता को जोधपुर शहर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मार्गदर्शन के आमंत्रित के पश्चात से गुप्ता ने वृहद स्तर पर बैठक लेते हुए स्वच्छ भारत मिशन के मापदंड को लागू करने को निर्देशित किया।

जोधपुर नगर निगम आयुक्त द्वारा आदेशों की पालना में जोधपुर नगर निगम के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभिक चरण में चयनित पांच वार्ड संख्या 36, 8, 54, 99 और 82 में जगह-जगह फैल रही गंदगी को हटाने, सड़क से अतिक्रमण मुक्ति, नाली और नालों की साफ सफाई, सामुदायिक शौचालय और मूत्रालय की दिन में तीन बार सफाई, सभी पांच वार्ड के प्रत्येक घर से नियमित रूप से कचरा संग्रहण करने आदि कार्य जारी है।

सायला में राज के. पुरोहित को दी श्रद्धांजलि

सायला,(निसं) । जालौर विधानसभा क्षेत्र के सायला में सोमवार दोपहर पुराने बस स्टेण्ड स्थित गणपति मन्दिर परिसर में महाराष्ट्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राज के. पुरोहित के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई।

शोकसभा मे जालौर विधायक एवं केबिनेट मंत्री जोगेश्वर गर्ग सहित भाजपा कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों ने पूर्व केबिनेट मंत्री राज के. पुरोहित की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं दो मिनट का मौन रखकर शौक व्यक्त किया।

शोक सभा को सम्बोधित करते हुए जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राज के. पुरोहित का जीवन सादगी, सेवा और जनकल्याण को समर्पित रहा। उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे और आने वाली पीढियों को प्रेरणा देते रहेंगे।

वही पूर्व जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित ने राज के. पुरोहित की जीवनी पर प्रकाश डाला।

वही अन्य वक्ताओं ने राज के. पुरोहित के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जनसेवा को सर्वोपरि मानते हुए सदैव आमजन के हितों के लिए कार्य किया।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित, बलवंतसिंह दहिया, महामंत्री राजेंद्र माहेश्वरी, नरपतसिंह राजपुरोहित रेवतडा, मुल्तानमल आचार्य, मुकंद दवे, मांगीलाल फोलामुथा, वस्तुपाल जैन, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री प्रशांत रावल, उपाध्यक्ष विजय आचार्य, जगदीश राजपुरोहित, मुकेश माली, छगन सुथार, अर्जुन राजपुरोहित, ताराराम चौधरी, कांति लाल, जगाराम माली, गणपतलाल रेवतडा, गोपाराम, चेतन, कालूराम, ईश्वर, हीरालाल, चंपालाल, जबरसिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय नगरपालिका, सांचौर जिला-जालौर (राज.)
(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक/न.पां.सां./ई-निविदा/2026/6154 दिनांक :- 13.01.2026

-::ई निविदा सूचना 2025-26

नगर पालिका सांचौर निविदा क्रमांक 6148 दिनांक 13.01.2026 द्वारा भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त एनजीओं से कार्य करवाये जाने हेतु पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण जरीये यूबीएन नं. से वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

निविदा में कुल कार्य	1 कार्य
निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि	दिनांक 13.01.2026 दोपहर 2.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र जमा करवाने की तिथि	दिनांक 27.01.2026 दोपहर 5.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 27.01.2026 सांय 5.30 बजे
NIB NO.	UBN NO.
DLB2526B0223	DLB2526SLRC30280

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका सांचौर
राज.संवाद/सी/25/17885

कार्यालय नगरपालिका, सोजत(पाली)
E. Mail Id - eombsojat@yahoo.com eosojatcity.lsg@rajasthan.gov.in Phone No 02960 - 222028

क्रमांक/नपासो/भण्डार/2025-26/538 दिनांक : 12.01.2026

निविदा सूचना

नगरपालिका सोजत वित्तिय वर्ष 2026-27 हेतु समय समय पर आवश्यकतानुसार सामान क्रय करने व वार्षिक अनुबन्ध कार्यो के लिए दर संविदा हेतु सीलबन्द निविदाए दिनांक 21.01.2026 को आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उसी दिन दोपहर 11.00 बजे तक बेची जायेगी एवं 1.00 बजे तक प्राप्त की जाकर 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। इच्छुक पंजिकृत ठेकेदार/संवेदक समय पर निर्धारित शुल्क जमा करावा कर निविदा प्रपत्र एवं शर्ते प्राप्त कर सकते है व वेबसाईड www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती हैं। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता को होगा।

निविदा के कुल कार्य	कुल कार्य 13 UBN No - DLB2526GSRC30256, DLB2526SSRC30257, DLB2526SSRC30258, DLB2526GSRC30259, DLB2526GSRC30260, DLB2526GSRC30261, DLB2526WSRC30262, DLB2526GSRC30263, DLB2526GSRC30264, DLB2526GSRC30265, DLB2526SSRC30266, DLB2526SSRC30267, DLB2526SSRC30268
बिड खोलने की दिनांक	दिनांक 21.01.2026

नोट :- निविदा राशि व धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट नगरपालिका सोजत के नाम देय होगा।
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सोजत
राज.संवाद/सी/25/17801

कार्यालय नगरपालिका बाली (पाली) राज0
Tel.- (02938) 222045 E-mail : municpalboardbali@yahoo.in

क्रमांक : न.पा.बा./SBM/2025-26/3868 दिनांक : 13.11.2026

आपत्ति विज्ञप्ति

नगरपालिका बाली के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 कार्यवाही आरम्भ हो चुकी है। इस क्रम मे स्वायत्त शासन विभाग जयपुर द्वारा दिनांक 12.06.2019 को एक अधिसूचना जारी की गई है। जिसके अन्तर्गत निम्न उपविधियो के उल्लंघन मे किये गये कृत्यो के लिए मौके पर निम्नानुसार जूर्माना राशि वसूली जायेगी :-

क्र.सं	कृत्य	जुर्माना
1	दुकानदारो द्वारा खुले/रोड/नाली मे कचरा डालने पर	250 रु प्रतिदिन
2	रहवासियो भवनो के निवासियो द्वारा कचरा फेकने पर	50 रु प्रतिदिन
3	रेस्टोरेन्ट तथा होटल मालिको द्वारा खुले मे कचरा डालने पर	500 रु प्रतिदिन
4	दुकानदारो (Vendor/Hawker) को बिना कचरा पात्र पाये जाने पर	150 रु प्रतिदिन
5	विवाह स्थलो द्वारा बाहर कचरा फैलाने पर	2000 रु प्रतिदिन
6	प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करते पाये जाने पर	50 रु प्रतिदिन
7	प्लास्टिक कचरा जलाने पर	100 रु प्रतिदिन
8	सार्वजनिक स्थानो पर खुले मे थूकने पर	50 रु प्रतिदिन
9	खुले मे पेशाब करने पर	50 रु प्रतिदिन
10	खुले मे शौच करने पर	100 रु प्रतिदिन
11	खुले मे गौबर डालने पर	1500 रु प्रतिदिन
12	घरो द्वारा कचरे को कचरापात्र मे इक्कठा नही करने पर	50 रु प्रतिदिन
13	व्यक्तियो/घरा/दुकानदारो द्वारा प्लास्टिक कचरा डालने पर	500 रु प्रतिदिन
14	सरकारी भवनो, चौराहो एवं शहर की चार दीवारी की दीवारो पर व उनके गेटो पर निजी वाणिज्यक प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर चिपकाने/स्लोगन लिखकर सरकारी दिवारे ऐतीहासिक भवनो की सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर)	1000 रु प्रतिदिन
15	अपने मकानो क गंदे पानी का निकास आम सडक पर करने पर	1500 रु प्रतिदिन
16	निजी मकान/दुकान इत्यादि के निर्माण के समय अपनी कंस्ट्रक्षन साइट कवर रखना अनिवार्य है।	200 रु प्रतिदिन
17	निजी मकान/दुकान इत्यादि के निर्माण का मलबा, निर्माण सामग्री,ईट सीमेन्ट, लोहा, पत्थर,सरकारी भुमि पर डालने पर	250 रु प्रतिदिन
18	मीट की दुकानो के सामने दुकानदारो द्वारा काटे गए जानवरो की हडिड्या,मलबा,मलीदा,खुन, मुर्गे के पंख, अण्डो के छिलके इत्यादि सडक,आम रास्तो मे डालकर गंदगी फेलाने पर	2000 रु प्रतिदिन
19	सार्वजिनक स्थान, जमीन व सडक के किनारे बैठकर सब्जिया बेचकर छिलके के अंश सडक पर डालने व गंदगी फैलाने पर	50 रु प्रतिदिन
20	हेयर कंटिग सैलुन वालो द्वारा आम रास्ता सडक पर गंदगी,बाल इत्यादि डालने पर	100 रु प्रतिदिन

महत्वपुर्ण उपविधियो के अलावा भी अन्य कई उपविधियो को इस अधिसूचना मे शामिल किया गया है।
अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/25/17826

RIICO GROW WITH RAJASTHAN
राजस्थान सरकार का उपक्रम
RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार
सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन
अन्तिम 4 दिन शेष

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

65	313	304	09
कुल औद्योगिक क्षेत्र	कुल भूखण्ड	औद्योगिक भूखण्ड	लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी अंतिम तिथि: 23 जनवरी, 2026 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 27 जनवरी, 2026 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

31	आबू रोड़	03	चूरू	33	नागौर	08	उदयपुर
38	अजमेर	08	बीकानेर	07	पाली	03	जयपुर (दक्षिण)
05	अलवर	14	श्रीगंगानगर	24	झालावाड़	02	जयपुर (उत्तर)
08	भिवाड़ी-I	16	किशनगढ़	01	जालोर	25	ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर
19	भिवाड़ी-II	13	भीलवाड़ा	13	राजसमंद	02	जोधपुर
07	बोरानाडा	01	जयपुर (ग्रामीण)	20	कोटा	03	सवाईमाधोपुर
05	घिलोठ	01	सीकर	03	नीमराना		

राज.संवाद/सी/25/17913

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेलः riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in